-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 23.12.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **मिशन शक्ति-5.O अभियान के क्रम में जनपद के स्कूलों/कॉलेजो में चलाया गया विशेष जागरुकता अभियान।**
- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा में छात्राओं को किया गया सम्बोधित।**

विवरण- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ चलाए जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आज दिनांक 23.12.2024 को जनपद के स्कूलों कॉलेजो में विशेष अभियान चलाकर छात्र/छात्राओं/महिलाओं को जागरुक किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज द्वारा राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय छात्राओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र/छात्राओं को महिला अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उनके कैरियर संबंधी सुझाव भी दिये गये। इस दौरान निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। छात्र/छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है छात्रों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल को न रिसीव करें। सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें तथा साइबर अपराध होने की दशा तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर का कॉल करे तथा जनपद के समस्त थानों में बने साइबर डेस्क पर भी सूचना/शिकायत दर्ज करा सकते है।